आवेदन प्रक्रिया :–

(A) ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया :–

1. आवेदन करते समय आवेदक के पास SSO-ID और पासवर्ड आवश्यक है। यदि आवेदक पूर्व में पंजीकृत नही हो तो स्वयं को http://sso.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत कर सकता है।
2. आवेदक स्वयं ऑनलाइन मोड से कम्प्यूटर/नेट के माध्यम से आवेदन कर सकता है अथवा ई–मित्र के माध्यम से भी आवेदन कर सकता है। इस सम्बन्ध में निर्धारित शुल्क ई–मित्र को अदा करना होगा।
3. आवेदक को अपना फोटो एवं हस्ताक्षर की छवि सॉफ्ट कॉपी में रखनी होगी, जिसकी साइज निम्न प्रकार से होगी–

   फोटो साइज :– 50 केबी से 100 केबी के मध्य

   हस्ताक्षर साइज:– 20 केबी से 50 केबी के मध्य
4. आवेदक द्वारा अपना सही मोबाइल नं. एवं ई–मेल आईडी आवेदन पत्र में अंकित करनी होगी।

(B) ऑनलाइन आवेदन कैसे करें:–

1. भर्ती हेतु आवेदन–पत्र राजस्थान सरकार के सिस्टम (SSO) पर उपलब्ध है।
2. जो आवेदक पूर्व से ही अपनी SSO ID एवं पासवर्ड रखते हैं, वे SSO URL (http://sso.rajasthan.gov.in/signin) पर लॉन–इन करने में सक्षम होंगे।
3. जो आवेदक पूर्व में पंजीकृत नहीं हैं वे स्वयं को उपरोक्त वर्णित URL पर (Register) रजिस्टर बटन को Click करके स्वयं को रजिस्टर कर सकते हैं।
4. जब आवेदक SSO पर लॉग–इन करेंगे तब उन्हें नाम सहित "Recruitment Portal" नजर आयेगा।



5. आवेदक को भर्ती पोर्टल लॉग–इन पृष्ठ (उम्मीदवार डेशबोर्ड) के लिए निर्देशित करेगा।
6. आवेदक Ongoing Recruitment Tab के तहत सम्बन्धित भर्ती देखने में सक्षम होगा, जहाँ पर वह आवेदन कर सकेगा।
7. आवेदक द्वारा आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरने के उपरान्त उसे निर्धारित फीस (शुल्क) जमा करानी होगी।
8. आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा कराना होगा जो कि नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से होगा।
9. यह विशेष रूप से ज्ञात हो कि आवेदन पत्र तब पूर्ण हुआ माना जायेगा जब फीस जमा कराने के बाद आवेदक का यूनिक आवेदन पत्र क्रमांक (Application Number) जनरेट हो जाए।
10. आवेदक को आवेदन पत्र का प्रिंट लेकर अपने पास रखना होगा।

<u>विशेष नोट</u>:- जिस आवेदक के पास पूर्व आवेदन संख्या है वह निम्नानुसार अपना आवेदन पत्र भर सकता है :–

1. सर्वप्रथम आवेदक "क्या आपके पास पूर्व आवेदन संख्या है " विकल्प को "Yes" करे |
2. पूर्व आवेदन संख्या अंकित करे |
3. उसके पश्चात "Verify Application No." button पर click करे |
4. आवेदन संख्या verify होने के पश्चात् आवेदक अपना आवेदन पत्र भरे |
5. आवेदन पत्र भरने के पश्चात् आवेदक "Final Submit" button पर click करे |
6. आवेदक को परीक्षा शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं है |

(C) ई–मित्र से आवेदन कैसे करें:–

1. आवेदक अपने निकटतम ई–मित्र केन्द्र पर जा कर अपना आवेदन भर सकते हैं।
2. आवेदक द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के आधार पर ई–मित्र केन्द्र आवेदन भरेगा। आवेदक को निर्धारित आवेदन शुल्क एवं ई–मित्र सेवा शुल्क अदा करना होगा ।
3. आवेदक को ई–मित्र केन्द्र से आवेदन क्रमांक युक्त आवेदन पत्र की प्रति प्राप्त करनी होगी।

नोटः

1 कृपया आवेदन करते समय सही सूचनाएं अंकित करें, कोई भी सूचना गलत या अपूर्ण भरे जाने की स्थिति में आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

2 आवेदन पत्र को एक बार **Submit** किये जाने के पश्चात् उसमें भरी गई सूचना में किसी प्रकार का सुधार नहीं किया जा सकेगा, अतः आवेदक यह सुनिश्चित कर लें कि आवेदन में भरी गई सूचना सही एवं पूर्ण हैं।

3 आवेदक यह सुनिश्चित कर लें कि शुल्क जमा करवाने के पश्चात् आवेदन संख्या युक्त आवेदन पत्र, उसकी **SSO ID** पर उपलब्ध है।

4 ई–मित्र कियोस्क या ई–मित्र पोर्टल के संबंध में किसी भी प्रकार की कठिनाई/जानकारी/सहायता के लिए ई–मित्र के पोर्टल **www.emitra.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध **Link 'Help Desk'** पर जाकर ई–मित्र के संबंधित अधिकारी/कर्मचारी से सम्पर्क करने के संबंध में सूचना प्राप्त की जा सकती है अथवा कार्यालय समय में निम्न पर भी सम्पर्क किया जा सकता है :–

i. <u>Contact at e-Mitra Technical Support</u>
CSE - Customer Support Engineer –
Contact Number – 0141-2221424, 0141-2221425
e-mail ID- helpdesk.emitra@rajasthan.gov.in

ii. <u>Contact for issues relating to payment of fee through debit/credit cards or netbanking</u>
e-mail ID- fundmanager.emitra@rajasthan.gov.in

नोटः– सभी आवेदक, केवल ऑनलाईन आवेदन ही करें। <u>हाथ से भर कर या अन्य किसी भी रूप में प्रेषित आवेदन–पत्र किसी भी स्थिति में राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे।</u>